कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण)
बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।
दूरभाष सं० 05852–223112, eehardoi@yahoo.com

जल सारथी

पत्रांक : 4551 / नि-3 / 36 दिनांक : 5/8/2026

सेवा में,

गुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– दिनांक 02.08.2026 को हिन्दुस्तान न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर "निर्माणाधीन सड़क पर फूटी 'जल जीवन मिशन' की पाइप लाइन, हजारों लीटर पानी बर्बाद" के संबंध में।

महोदय,


कृपया उपरोक्त विषयक दिनांक 02.08.2026 को हिन्दुस्तान न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर "निर्माणाधीन सड़क पर फूटी 'जल जीवन मिशन' की पाइप लाइन, हजारों लीटर पानी बर्बाद" शीर्षक का सदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर जनपद–हरदोई के विकास खण्ड कोथावां की पूर्वाबाजीराव ग्राम पंचायत पेयजल योजना से संबंधित है। उक्त की स्थलीय जांच खण्ड के जूनियर इंजीनयर द्वारा करायी गयी जिसकी आख्या निम्नवत है:–


| बिन्दु | प्रकाशित खबर | खण्ड की आख्या |
|---|---|---|
| 1. | हरदोई के कोथावां विकास खण्ड की ग्राम पंचायत पूर्वाबाजीराव में "जल जीवन मिशन" के कोथावां–माल मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान निर्माण कर्मचारियों की लापरवाही से "जल जीवन मिशन" की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। इससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।<br>कोथावां माल मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के दौरान निर्माण कार्य कर रहे कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान जेसीबी से खुदाई करते समय "जल जीवन मिशन" की पाइपलाइन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त कर दी गई। जिससे हजारों लीटर पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है। इससे संबंधित गांवों की जलापूर्ति भी प्रभावित हो रही है और लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। पूर्वाबाजीराव गांव निवासी ग्रामीण प्रदीप सिंह पिंटू, पंकज सिंह, सौरभ सिंह, आदित्य सिंह, विश्वराज सिंह ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की ओर से कराए जा रहे चौड़ीकरण कार्य में पर्याप्त सावधानी नहीं बरती जा रही है।<br>आरोप है कि पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के | उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै० एन०सी०सी० लि०, हैदराबाद द्वारा विकास खण्ड कोथावां की ग्राम पंचायत पूर्वाबाजीराव योजनान्तर्गत 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 347 नग एफ०एच०टी०सी० एवं 8.46 कि०मी० पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 347 नग एफ०एच०टी०सी० एवं 8.46 कि०मी० पेयजल पाइप लाइन के कार्य पूर्ण करा लिये गये है।<br>शिकायत के संबंध में अवगत कराना है कि उक्त विकास खण्ड कोथावां की ग्राम पंचायत पूर्वाबाजीराव में "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजना का कार्य कराया गया है। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग द्वारा कोथावां–माल मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान ग्राम पंचायत पूर्वाबाजीराव की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गई थी, जिस कारण पेयजलापुर्ति बाधित हो गई थी। पाइप लाइन में लीकेज मरम्मत का कार्य कराकर पेयजल योजना से जलापूर्ति चालू करा दी गई है। |

| | | |
|---|---|---|
| | बाद उसे ठीक किए बिना ही गिट्टी और पत्थर डालकर सड़क निर्माण आगे बढ़ाया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों की तत्काल मरम्मत कराकर जलापूर्ति सुचारु की जाए और निर्माण कार्य में आवश्यक सावधानी बरती जाए। जिससे जलापूर्ति बाधित ना हो। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी अवर अभियंता सुनील कुमार ने बताया "जल जीवन मिशन" के तहत डाली गई पाइपलाइन मानक में नहीं डाली गई है। जिससे खुदाई के दौरान बाहर आ जाती है। और निमार्ण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। | |

अतः महोदय उपरोक्त आख्या आपकी सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।**



**भवदीय**

**(मनीष गंगवार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृष्ठसं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपित–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) महोदय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई।
4. संबंधित सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता।
5. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उक्त योजनान्तर्गत शेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**